भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA
केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग
Central Public Works Department

विशेष महानिदेशक का कार्यालय
परियोजना क्षेत्र – कोलकाता
5 वां तल, प्रथम एम.एस.ओ.भवन, निजाम पैलेस
234/4 आचार्य जगदीश चन्द्र बोस रोड, कोलकाता-700020

O/o Special Director General
Project Region-Kolkata
5th Floor, 1st MSO Building, Nizam Palace
234/4 AJC Bose Road, Kolkata-700020

दूरभाष/Telephone:033-2287 2526, फ़ैक्स/Fax : 033-2287 7415, ई-मेल/Email: ddghqer.cpwd@gov.in

सं. 14(2)|वि.म.नि (प.क्षे.कोल)/ स.नि(रा भा)/2022 | ४60 (हिं) दिनांक:28/ 04/2022

## कार्यालय ज्ञापन

**विषय: सरकारी कामकाज में मूल हिन्दी टिप्पण / आलेखन हेतु प्रोत्साहन योजना।**

महानिदेशालय,के.लो.नि.वि के कार्यालय ज्ञापन सं 42/01/2020-हिन्दी दिनांक-03/06/2021 एवं 01/04/2022 के संदर्भ में इस कार्यालय द्वारा भी उप-सचिव स्तर तक के अधिकारियों/ कर्मचारियों के लिए उपर्युक्त प्रोत्साहन योजना लागू करने का निर्णय लिया गया है। योजना की संक्षिप्त रूप-रेखा इस प्रकारहै:

1. **पात्रता:**
   इस योजना में विभाग में कार्यरत उप सचिव स्तर (समूह'घ'कर्मचारियों को छोडकर) तक के सभी कार्मिक भाग ले सकते है । इस योजना के अंतर्गत वे अधिकारी/ कर्मचारी पुरस्कार के पात्र होंगें जो 'क' तथा 'ख' क्षेत्र स्थित कार्यालयों में वर्ष में कम से कम 20,000 शब्द तथा 'ग' क्षेत्र स्थित कार्यालयों में वर्ष में कम से कम 10,000 शब्द हिन्दी में लिखेंगें। इस योजना की विशेषता यह है कि इसमे मूल टिप्पण और प्रारूपण के अलावा हिन्दी में किए गए अन्य कार्य जिसका सत्यापन किया जा सके जैसे रजिस्टर में इंद्राज, सूची तैयार करना, लेखा का काम आदि भी शामिल किए जाएंगे।

2. **पुरस्कार वर्ष**: योजना की अवधि 1 अप्रैल, 2021 से 31 मार्च,2022 तक होगी।

3. **पुरस्कार की राशि एवं संख्या:**

| | |
|---|---|
| प्रथम पुरस्कार | (2) 5000/-रु. प्रत्येक |
| द्वितीय पुरस्कार | (3) 3000/-रु. प्रत्येक |
| तृतीय पुरस्कार | (5) 2000/- रु. प्रत्येक |

   कुल पुरस्कारों की संख्या (10)

4. मूल्यांकन के लिए कुल 100 अंक होंगें, जिनमे से मौलिक कार्य की मात्रा के लिए 70 अंक और विचारों की स्पष्टता के लिए 30 अंक होंगें।

5. जिन कर्मचारियों की मातृभाषा तमिल, तेलेगु, कन्नड, मलयालम, बांग्ला, ओडिया अथवा असमिया है उनके द्वारा किए गए कार्य स्तर को ध्यान में रखकर मूल्यांकन समिति द्वारा 20 अंको का अतिरिक्त लाभ दिया जाएगा।

6. हिन्दी काम का लेखा-जोखा प्रतिभागी द्वारा संलग्न प्रपत्र में मासिक आधार पर रखा जाएगा एवं अपने निकटतम अधिकारी द्वारा सत्यापित करवाया जाएगा।

7. पुरस्कार विजेता अधिकारी/ कर्मचारी की सेवा पुस्तिका में इसका समुचित उल्लेख किया जाएगा। अतः विशेष महानिदेशक (प.क्षे.कोल) कार्यालय, के.लो.नि.वि में कार्यरत सभी कार्मिको से अनुरोध है कि वे इस योजना में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें एवं अपने द्वारा किए गए कार्य निर्धारित प्रपत्र में दिनांक **30 मई, 2022 तक** इस अनुभाग को अवश्य भिजवा दें।

यह पत्र सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

**संलग्नक: रेकॉर्ड रखने संबंधी प्रपत्र**

28/04/2022
(शमशाद खान)
कार्यपालक अभियंता (मु.)

**सेवामें**,

1. विशेष महानिदेशक (प.क्षे.कोल) कार्यालय के समस्त अधिकारी/ कर्मचारी (वैबसाइट द्वारा)
2. **श्रीमती अर्चना साव,** कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी, अपर महानिदेशक (क्षे.कोल) का कार्यालय, एवं **सुश्री सुमन साव,** कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक, अधीक्षण अभियंता – बारासात का कार्यालय, केलोनिवि कोलकाता (मूल्यांकन समिति के रूप में आप दोनों का चयन किया गया है)।
3. केलोनिवि (पूर्वी क्षेत्र) वैबसाइट ।
4. नोटिस बोर्ड।

<u>प्रपत्र</u>

प्रतिभागी का नाम व पदनाम ..........................................................................

वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान ........................................................माह में किए गए हिन्दी कार्य का ब्यौरा।

| क्र.सं. | फ़ाइलो, रजिस्टरो आदि का संदर्भ जिनमे हिन्दी में कार्य किया गया है। | हिन्दी में लिखे गए शब्दों की संख्या | प्रतिभागी के हस्ताक्षर | नियंत्रण अधिकारी के हस्ताक्षर (मोहर सहित) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | | |